PRINT

# नवभारत टाइम्स (Navbharat Times)

| | | |
|---|---|---|
| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 379943 |
| दिनांक (Dated): 01.07.25 | पृष्ठ सं. (Page No.) 14 | क्रम सं. (Serial No.) 09 |

## CISF में आधे आईजी पद पर महिलाएं

नई दिल्ली,30 जून (नवोदय टाइम्स):सीआईएसएफ कैडर ऑफिसर्स आईजी स्तर पर पचास फीसदी हिस्सेदारी महिलाओं की है। ऐसा बल के इतिहास में पहली बार है।

यह मील का पत्थर सीआईएसएफ द्वारा महिलाओं की स्थिति को ऊपर उठाने और एक समावेशी वातावरण को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक, ठोस प्रयास का हिस्सा है। 12,510 से अधिक महिला कर्मियों के साथ, इसमें महिलाओं की संख्या लगभग 8 फीसद है। सीआईएसएफ सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में महिलाओं की सबसे बड़ी संरचना का दावा करता है। अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए, गृह मंत्रालय ने (जनवरी 2025 में) हरियाणा के नूंह में सीआईएसएफ की पहली महिला बटालियन की स्थापना को मंजूरी दे दी है। सीआईएसएफ मुख्यालय में एक विशेष महिला डेस्क की स्थापना की जा रही है।